प्रेषक,

जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी,
सम्भल।

सेवा में,

जिला सूचना विज्ञान अधिकारी,
सम्भल।

पत्रांक– एसएसए/के0जी0बी0वी0/ 5334-41/2024–25, दिनांक– 27/08/2024

विषय– कस्तूरबा गाँधी आवासीय बालिका विद्यालयों में रिक्त पदों के प्रति प्रकाशित विज्ञप्ति का जनपद की एन0आई0सी0 बेवसाइट पर अपलोड किये जाने के सम्बन्ध में।

महोदय,

उपर्युक्त विषयक, राज्य परियोजना निदेशक, समग्र शिक्षा, उ0प्र0 लखनऊ के पत्र संख्याः के0जी0बी0वी0/7728/2022–23 दिनांक 20.09.2023, पत्र संख्या के0जी0बी0वी0/10506/2023–24 दिनांक 22.11.2023 के द्वारा कस्तूरबा गाँधी आवासीय बालिका विद्यालयों में रिक्त पदों पर चयन/पदस्थापन किये जाने के निर्देश दिये गये हैं तद्क्रम में जिलाधिकारी महोदय, सम्भल के अनुमोदनोंपरान्त इस कार्यालय के पत्र संख्या एस0एस0ए0/KGBV/5261–66/2023–24 दिनांक 24 अगस्त, 2024 के द्वारा रिक्त पदों के प्रति विज्ञप्ति प्रकाशित की जा चुकी है। उक्त विज्ञप्ति को जनपद की एन0आई0सी0 के बेवसाइट पर जनहित में अपलोड किया अतिआवयश्यक हैं।

अतः महोदय से अनुरोध है कि कृपया संलग्न विज्ञप्ति व प्रारूप को जनपद की एन0आई0सी0 की बेबसाइट पर अपलोड कराने का कष्ट करें।

**संलग्न–उक्तवत।**

**भवदीय**

**(अलका शर्मा)**
**जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी,**
**सम्भल।**
24/08/24

**पृ0सं0:– एस0एस0ए0/के0जी0बी0वी0/ /2024–25 दिनाँक–उक्तवत्।**

**प्रतिलिपिः–निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित–**

1. महानिदेशक, स्कूल शिक्षा, उ0प्र0, लखनऊ।
2. राज्य परियोजना निदेशक, समग्र शिक्षा, उ0प्र0 लखनऊ।
3. जिलाधिकारी महोदय, सम्भल।
4. मुख्य विकास अधिकारी सम्भल।
5. मण्डलीय सहायक शिक्षा निदेशक(बेसिक), द्वादश मण्डल मुरादाबाद।
6. समस्त खण्ड शिक्षा अधिकारी, जनपद सम्भल।
7. कार्यालय प्रति।

**जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी,**
**सम्भल।**

# कार्यालयः जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी,सम्भल।

Tei/Fex No. 05921-243643 E-Mail-sambhalmdm@gmail.com

पत्राँक : एस0एस0ए0/KGBV/5261-66 /2024-25 दिनाँक 24 अगस्त, 2024

## विज्ञप्ति

राज्य परियोजना निदेशक, समग्र शिक्षा, उ0प्र0 लखनऊ के पत्र संख्याः के0जी0बी0वी0/7728/2022-23 दिनांक 20.09.2023, पत्र संख्या के0जी0बी0वी0/10506/2023-24 दिनांक 22.11.2023 एवं मा0 उच्चतम न्यायालय में योजित विशेष अनुज्ञा याचिका संख्या 13553/2023 राज्य परियोजना निदेशक व अन्य बनाम सरोज मौर्या व अन्य में दिनांक 02.05.2023 को हुई सुनवाई में मा0 उच्चतम न्यायालय द्वारा पारित अन्तिम आदेश कस्तूरबा गाँधी विद्यालयों में शैक्षिक व शिक्षेणेत्तर कार्मियों के नवीन चयन/पदस्थापन/संविदा के सम्बन्ध में दिये गये निद्रेश एवं चयन सम्बन्धित निर्गत प्रभावी शासनादेश संख्याः 1553/68-5-2020, दिनांक 11 दिसम्बर 2020 में निहित प्राविधान व दिशा-निर्देशों के अनुसार जिलाधिकारी महोदय, सम्भल के अनुमोदन दिनांक 24.07.2024 के क्रम में रिक्त पदों पर संविदा के आधार पर चयन हेतु इच्छुक अर्ह अभ्यर्थियों से पंजीकृत डाक द्वारा कार्यालय जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी, सम्भल (स्टेशन रोड़, कांठ बाजार, जूनियर हाईस्कूल परिसर, बहजोई, जनपद सम्भल) में निर्धारित प्रारुप पर दिनांक 06.09.2024 की सांय 05:00 बजे तक आवेदन पत्र आमंत्रित किये जाते हैं। पंजीकृत डाक के अतिरिक्त अन्य किसी माध्यम से प्राप्त आवेदन पत्रों पर विचार नहीं किया जायेगा।

| क्र0 सं0 | पदनाम | विषय/शैक्षिक योग्यता | कुल रिक्त पदों की संख्या | आरक्षणवार रिक्तियां | | | आयु सीमा | प्रतिमाह निर्धारित मानदेय |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | UnR | OBC | SC | | |
| 1 | पूर्णकालिक शिक्षिका (Female) | विषय-गणित (योग्यता-पी0सी0एम0 वर्ग से प्रशिक्षित स्नातक एवं उच्च प्राथमिक विद्यालय स्तर की टी0ई0टी0 के साथ प्रशिक्षण उपाधि के अन्तर्गत एन0सी0टी0ई0 से मान्य बी0एड/ समक्षकक्ष एल0टी0 इत्यादि प्रशिक्षण मान्य है) | 1 | 0 | 1 | 0 | 25 से 45 वर्ष | रू0-24200.00 प्रतिमाह |
| | | विषय-भाषा (विज्ञान) (योग्यता-जे0डी0बी0सी0 वर्ग से प्रशिक्षित स्नातक एवं उच्च प्राथमिक विद्यालय स्तर की टी0ई0टी0 के साथ प्रशिक्षण उपाधि के अन्तर्गत एन0सी0टी0ई0 से मान्य बी0एड/ समकक्ष एल0टी0 इत्यादि प्रशिक्षण मान्य है) | 1 | 1 | 0 | 0 | 25 से 45 वर्ष | |
| 2 | अंशकालिक शिक्षिका (Female) | विषय-शारीरिक शिक्षा (योग्यता- बी0पी0एड0, सी0पी0एड एवं डी0पी0एड आदि उपाधि) | 1 | 1 | 0 | 0 | 25 से 45 वर्ष | रू0-12181.00 प्रतिमाह |
| | | विषय-कला, काफ्ट, संगीत/गृह शिल्प (योग्यता-कला, क्राफ्ट एवं संगीत आदि विषयों के लिए शैक्षिक योग्यता स्नातक उपाधि सहित प्रशिक्षण उपाधि होगी तथा गृह शिल्प के शिक्षक/शिक्षिका का पद कला, क्राफ्ट एवं संगीत के पद के अन्तर्गत ही माना जायेगा) | 3 | 2 | 1 | 0 | 25 से 45 वर्ष | |
| 3 | लेखाकार (Female) | स्नातक वाणिज्य विषय तथा एम0एस0ऑफिस पर कार्य का ज्ञान अनिवार्य होगा। डी0ओ0ई0ए0सी0सी0 या समकक्ष संस्था से कम्प्यूटर शिक्षा में 'ओ' लेवल डिप्लोमा अथवा समकक्ष अन्य योग्यता की दशा में अभ्यर्थी को चयन में वरीयता दी जायेगी। | 1 | 0 | 0 | 1 | 25 से 45 वर्ष | रू0-13,673.00 प्रतिमाह |
| 4 | चपरासी (Female) | कक्षा-8 उत्तीण | 1 | 0 | 1 | 0 | 25 से 45 वर्ष | रू0 7,147.00 प्रतिमाह |
| 5 | मुख्य रसोईया (Female) | कक्षा-8 उत्तीण | 2 | 0 | 0 | 2 | 25 से 45 वर्ष | रू0 8,577.00 प्रतिमाह |
| 6 | सहायक रसोईया (Female) | कक्षा-8 उत्तीण | 7 | 1 | 2 | 4 | 25 से 45 वर्ष | रू0 6,433.00 प्रतिमाह |
| 7 | चौकीदार (Female) | कक्षा-8 उत्तीर्ण | 2 | 2 | 0 | 0 | 25 से 45 वर्ष | रू0 7,147.00 प्रतिमाह |
| | योग | | 19 | 7 | 5 | 7 | | |

1. उपरोक्त समस्त पदों हेतु केवल महिला अभ्यर्थी ही अर्ह होंगी।
2. मुख्य रसोईया, सहायक रसोईया, चपरासी पद व चौकीदार के पद हेतु कक्षा 08 उत्तीर्ण होना अनिवार्य है।
3. आरक्षण राज्य सरकार के प्राविधानों के अनुसार होगा।

4. पूर्णकालिक मुख्य रसोईया/सहायक रसोईया को सम्बन्धित विद्यालय में स्वयं की व्यवस्था पर निवास करना अनिवार्य होगा।
5. आयु की गणना 01 अप्रैल, 2024 से आगणित की जायेगी।
6. रिक्त पदों की संख्या घट/बढ़ सकती है।
7. अभ्यर्थी आवेदन पत्र पर स्वप्रमाणित नवीन फोटोग्राफ चस्पा करें एवं समस्त शैक्षिक, प्रशिक्षण व अन्य प्रमाण पत्रों की स्वप्रमाणित छायाप्रति आवेदन पत्र के साथ संलग्न करें।
8. अभ्यर्थी को प्रत्येक पद हेतु अलग–अलग आवेदन करना होगा तथा एक लिफाफे में केवल 01 ही आवेदन पत्र स्वीकार किया जायेगा।
9. लिफाफे के ऊपर आवेदित पद का नाम लिखना अनिवार्य है। हस्ताक्षर रहित, विलम्ब से प्राप्त, अस्पष्ट एवं अपूर्ण आवेदन पत्रों को स्वीकार नहीं किया जायेगा।
10. विज्ञप्ति में किसी भी प्रकार का बदलाव व निरस्त करने का पूर्ण अधिकार जनपदीय चयन समिति को होगा, जिस हेतु कोई भी बाध्य मान्य नहीं होगा। विज्ञप्ति लिपिकीय त्रुटि के संधान रहेगी।
11. आवेदन पत्र के साथ 25X10 सेमी., स्वयं का पता लिखे 02 लिफाफे जिस पर रूपये 42.00 का डाक टिकट लगा हो, संलग्न करना अनिवार्य है।
12. आवेदन पत्र निर्धारित प्रारूप पर ही मान्य होगा।
13. किसी सेवा से बर्खास्त, नैतिक/चारित्रिक अधमता के अपराध के लिए दोष सिद्ध एवं दिवालिया व्यक्ति चयन के लिए अर्ह नहीं होगा।
14. पोस्टल विलम्ब के लिए किसी प्रकार से विभाग उत्तरदायी नहीं होगा।
15. उपर्युक्त समस्त पद अधिकतम् 11 माह 29 दिन अथवा शैक्षिक सत्र 2024–25 जो भी पहले हो, तक के लिए नियत मानदेय पर संविदा के आधारित होंगे तथा कार्य संतोषजनक एवं आवश्यकता होने पर जिलाधिकारी महोदय के अनुमोदनोपरान्त आगामी सत्र हेतु संविदा अनुबंध किया जा सकता है।
16. उपरोक्त क्रमांक संख्या–02 से 07 तक पदों पर निर्धारित मानदेय में 13 प्रतिशत नियोक्ता अंशदान सम्मिलित है।
17. उक्त विज्ञप्ति एवं आवेदन पत्र जनपद की बेवसाईट http://sambhal.nic.in पर भी उपलब्ध है।
18. मुख्य/सहायक रसोईया का पद पूर्णकालिक होगा तथा इनका साक्षात्कार 50 अंको का होगा, जिसमें शारीरिक क्षमता हेतु 20 अंक, पाक कला हेतु 20 अंक तथा अनुभव हेतु 10 अंक निर्धारित होंगे।
19. चपरासी एवं चौकीदार का पद पूर्णकालिक होगा तथा इनके साक्षात्कार के लिए 50 अंक निर्धारित होंगे, जिसमें शारीरिक स्वास्थ्य हेतु 25 अंक एवं सामान्य ज्ञान हेतु 25 अंक निर्धारित होंगे।
20. **लेखाकार के** लिए शैक्षिक योग्यता स्नातक वाणिज्य होगी तथा एम0एस0 आफिस पर कार्य का ज्ञान अनिवार्य होगा। डी0ओ0ई0ए0सी0सी0 या समकक्ष संस्था से कम्प्यूटर शिक्षा में 'ओ' लेवल डिप्लोमा अथवा समकक्ष अन्य योग्यता की दशा में अभ्यर्थी को चयन में वरीयता दी जायेगी।

(रंजना राजपूत)
जिला समन्वयक (बा0शि0)
सम्भल।

(अलका शर्मा)
जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी,
सम्भल।

**पृ0सं0 एस0एस0ए0/ KGBV/ 5261-66 /2024–25** **दिनाँक उक्तवत्।**

**प्रतिलिपि– निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु सादर प्रेषित–**

1. जिलाधिकारी महोदय, सम्भल।
2. मुख्य विकास अधिकारी, सम्भल।
3. मण्डलीय सहायक शिक्षा निदेशक,(बेसिक) मुरादाबाद मण्डल, मुरादाबाद।
4. प्राचार्य, जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान, कांठ, जनपद– मुरादाबाद/सम्भल।
5. सम्पादक महोदय, दैनिक हिन्दी समाचार पत्र. ......अमर उजाला एवं हिन्दुस्तान......, जनपद सम्भल को इस आशय के साथ प्रेषित है कि उक्त विज्ञप्ति को राजकीय दरों पर न्यूनतम से न्यूनतम साइज में प्रदेश स्तर पर प्रकाशित कराकर जिला सूचना अधिकारी, सम्भल से बिल प्रमाणित कराने उपरान्त बिल दो प्रतियों में भुगतान हेतु इस कार्यालय में उपलब्ध कराने का कष्ट करें।
6. गार्ड फाइल।

जिला समन्वयक (बा0शि0)
सम्भल।

जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी,
सम्भल।

भी तथ्य छिपाया नहीं गया है। यदि मेरे द्वारा दी गयी सूचना ...
तथ्य गोपन किया जाता है तो मेरा चयन/अभ्यर्थन रद्द कर दिया जाये, इसमें मुझे किसी भी प्रकार की
कोई भी आपत्ति नहीं होगी तथा विभाग ...

Apply

# आवेदन पत्र का प्रारूप

1. आवेदक का नाम..........................................................................
2. पद का नाम..........................................................................
3. पिता का नाम..........................................................................
4. पति/पत्नी का नाम..........................................................................
5. स्थायी पता..........................................................................
6. पत्राचार का पता..........................................................................
7. दूरभाष संख्या/मो0नं0..........................................................................
8. जन्मतिथि (कक्षा–8/10 के प्रमाण पत्र के अनुसार)..........................................................................
9. दिनांक–01.04.2024 को आयु...........................वर्ष....................माह.................दिन...............................
10. आधार कार्ड संख्या..........................................................................
11. राष्ट्रीयता..........................................................................
12. आरक्षित श्रेणी (1–अनारक्षित,2–अनुसूचित जाति,3–अन्य पिछड़ा वर्ग)..........................................................................
13. के0जी0बी0वी0 में अनुभव यदि कोई हो, सक्षम अधिकारी द्वारा निर्गत (प्रमाण पत्र संलग्न करें)
14. शैक्षिक योग्यता–

| क्र0 सं0 | परीक्षा का नाम | बोर्ड/संस्था | समस्त विषय | वर्ष | पूर्णांक | प्राप्तांक | प्रतिशत |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | | | | |
| | | | | | | | |
| | | | | | | | |
| | | | | | | | |
| | | | | | | | |

संलग्नकों का विवरणः–

1.................................................................
2.................................................................
3.................................................................
4.................................................................
5.................................................................
6.................................................................
7.................................................................
8.................................................................

मैं घोषणा करता/करती हूँ, कि मेरे द्वारा दी गयी समस्त उपरोक्त सूचनाऐं सहीं है, मेरे द्वारा कोई भी तथ्य छिपाया नहीं गया है। यदि मेरे द्वारा दी गयी सूचनाऐं गलत/कूटरचित पायी जाती हैं अथवा कोई तथ्य गोपन किया जाता है तो मेरा चयन/अभ्यर्थन रद्द कर दिया जाये, इसमें मुझे किसी भी प्रकार की कोई भी आपत्ति नहीं होगी तथा विभाग द्वारा की गयी कार्यवाही मुझे स्वीकार्य होगी।

दिनांकः–

अभ्यर्थी के हस्ताक्षर..............................

अभ्यर्थी का पूरा नाम व पता..............................

..........................................................